कार्यालय प्राचार्य

शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मानपुर, जिला – मोहला–मानपुर–अं.चौकी (छ.ग.)

फोन नं.07746-245470, 299477 ई.मेल-college.manpur@gmail.com

मानपुर, दिनांक – 24 / 07 / 2023

/ / ड्रेस कोड (गणवेश) सूचना / /

शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र् 2023–24 से समस्त नियमित छात्र/छात्राओं के लिए ड्रेस कोड (गणवेश) अनिवार्य किया गया है। ड्रेस कोड का नमूना महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र् 2023–24 में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थी एवं समस्त पूर्व विद्यार्थी महाविद्यालय द्वारा चयनित ड्रेस कोड के नियम का पालन करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। बिना गणवेश के महाविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश निषेध रहेगा।

महत्वपूर्ण बिन्दुः–

1. **छात्रगण भ्रामक अफवाहों में ना पड़े कि महाविद्यालय द्वारा ड्रेस कोड लागू नहीं किया गया है। ड्रेस कोड स्नातक/स्नातकोत्तर के सभी कक्षाओं के लिए अनिवार्य है।**
2. ड्रेस कोड सप्ताह के सभी दिन लागू रहेगा।
3. छात्रों के लिए – पैंट, शर्ट एवं छात्राओं के लिए – कुर्ती, दुपट्टा, सलवार गणवेश होंगे। जींस एवं लेगिंग्स वर्जित होंगे।
4. विद्यार्थीगण निर्धारित रंग के ही गणवेश पहन कर आवें।
5. ड्रेस कोड के नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित विद्यार्थी पर उचित कार्यवाही की जा सकेगी।
6. विद्यार्थीगण कक्षाएं प्रारम्भ होने से पूर्व गणवेश तैयार करना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार 24.07.2023

for प्राचार्य

शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय

मानपुर, जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय
मानपुर, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
पिन कोड-491229